an>

Title: Need to construct a wall along village Ratauli in Sitapur district, Uttar Pradesh to regulate the course of river Sharda.

श्रीमती रेखा वर्मा (धौरहरा) ः समस्त ग्रामवासी रतौली, पोस्ट संसरी, जिला सीतापुर धौरहरा क्षेत्र, उत्तर प्रदेश की तरफ से निवेदन किया जाता है कि हमारे गांव के दूसरी तरफ तटबंध बन गया है, जिससे नदी की धारा का वेग हमारे गांव की ओर स्थित तट से टकराता है। बाढ़ की प्रबल संभावना से सारा गांव भयभीत है। गांव की पश्चिमी छोर से कटान हो रहा है। काफी बाढ़ जुलाई 2016 में आ चुकी है, परंतु भाग्यवश शीघ्र ही शारदा नदी का जल स्तर नीचे आ गया। कटान से नदी की धारा गांव के पास पहुंच गई है, जिससे गांव की भयावह स्थिति होने की पूरी संभावना है। यदि शीघ्र ही कोई कदम नहीं उठाया गया तो सारा गांव नदी में समा जायेगा। सैकड़ें लोग बेघर हो जायेंगे। लोग आत्महत्या करने को मजबूर हो जायेंगे। गांव आपके अधीन है।

अतः आपसे प्रार्थना है कि हमारे गांव की ओर पट्टी से 4 कि.मी तटबंध की मंजूरी दिलाकर, उसे बनवाने हेतु शीघ्र कार्यवाही की जाये, जिससे गांव की रक्षा हो सके और लोगों को बेघर होने से बचाया जा सके।